# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 सितम्बर 2024, रविवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा जम्मू एवं कश्मीर के नौशेरा में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**पहले चरण के मतदान से यह स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का सूपड़ा साफ हो रहा है।**

******************

**70 साल से कांग्रेस और JKNC ने पहाड़ियों को आरक्षण से वंचित रखा, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने पहाड़ियों को आरक्षण देकर उन्हें उनका अधिकार दिया।**

**भाजपा आतंकवाद पर श्वेत पत्र लाएगी जिससे पता चलेगा कि किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खायी? और घाटी में आतंकवाद को कौन लेकर आया?**

******************

**फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस कितना भी जोर लगा ले, अब जम्मू-कश्मीर में सिर्फ और सिर्फ तिरंगा ही फहरेगा।**

******************

**फारूक अब्दुल्ला सुने लें, कोई भी शंकराचार्य पर्वत का नाम नहीं बदल सकता। ये पर्वत युगों-युगों तक शंकराचार्य जी के नाम से जाना जायेगा।**

******************

**गांधी परिवार और अब्दुल्ला परिवार आरक्षण को समाप्त करने और आतंकवाद को वापिस लाने निकले हैं। ये मोहब्बत की दुकान से आतंकवाद की बात करते हैं।**

******************

**जम्मू-कश्मीर की जनता आतंक की बात करने वाली राहुल गाँधी की मोहब्बत की दुकान को बंद करने वाली है।**

******************

**एनसी, पीडीपी और कांग्रेस पत्थरबाजों और आतंकवादियों को जेलों से मुक्त कराना चाहते हैं। भाजपा ऐसा होने नहीं देगी।**

******************

**भाजपा नौशेरा में कलेक्टरेट ऑफिस लाएगी और नौशेरा को विकसित बनाएगी। जम्मू में हम दो पर्यटक शहर विकसित करेंगे।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के नौशेरा में एक विशाल जनसभा को संबोंधित किया और जम्मू-कश्मीर की जनता से विकास, शांति एवं खुशहाली के लिए भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष एवं नौशेरा से भाजपा प्रत्याशी श्री रविंद्र रैना, पूर्व सांसद श्री जामयांग त्सेरिंग नामग्याल, श्री रणवीर सिंह, श्रीमती नीना शर्मा तथा जिला अध्यक्ष नौशेरा श्री जेनब अरशद समेत हजारों हजार लोग उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि श्री रविंद्र रैना की अध्यक्षता में भाजपा जम्मू एवं कश्मीर में मजबूत हुई है। श्री रैना को विधायक बनाइए, भाजपा इन्हे बड़ा आदमी बनाएगी। पहाड़ियों को जो आरक्षण मिला है उसमें श्री रविंद्र रैना की बड़ी भूमिका है। **लेकिन, सवाल उठता है कि 70 सालों तक जम्मू-कश्मीर में गुर्जर, बकरवाल, दलितों और पहाड़ी भाइयों का आरक्षण किसने छीन कर रखा था। ये कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने आरक्षण की सुविधा से वंचित रखा था।** आज भी ये तीनो पार्टियां गुजर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देना नहीं चाहती थी। **आरदणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया कि जम्मू एवं कश्मीर के दलितों, ओबीसी गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देंगे; कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को जो करना है करे।** प्रधानमंत्री जी ने उन्हें आरक्षण दिया, तो नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने गुर्जर और बकरवाल को भड़काना शुरू कर दिया था कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलने पर उनका आरक्षण घट जाएगा। **हमने गुर्जर और बकरवाल के आरक्षण में बिना कटौती किए पहाड़ियों को आरक्षण दिया। भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि विधानसभा चुनाव खत्म होते ही पहाड़ियों को सरकारी नौकरी के प्रमोशन में भी आरक्षण देंगे।** प्रमोशन में आरक्षण मिलते ही आपके बच्चे सिर्फ कलेक्टर और एसपी ही नहीं बनेंगे, बल्कि मुख्य सचिव भी बनेंगे। **कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का एजेंडा है कि गुर्जर, बकरवाल, पहाड़ी, वाल्मिकी, दलित और ओबीसी को मिले आरक्षण को ख़त्म किया जायेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका में जाकर कहते हैं कि अब इनका विकास हो चुका है, इनको आरक्षण की जरूरत नहीं है।** राहुल बाबा! आप और उमर अब्दुल्ला उलटा होकर सीधा हो जाओ, तब भी आरक्षण रहेगा, रहेगा और रहेगा। भारतीय जनता पार्टी उन्हें आरक्षण हटाने नहीं देगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के विकास के लिए और यहाँ के लोगों के उत्थान के लिए धारा 370 हटाया गया लेकिन **फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि वे धारा-370 को फिर से वापिस लाएंगे।** अब्दुल्ला साहेब, तीन पीढ़ियां चली गयी और तीन पीढ़ियां और ला दो, तब भी धारा 370 कोई नहीं ला सकता है। श्री रविंद्र रैना ने बताया कि यहां पर बंकर बनाए गए हैं। यह अच्छी बात है, कभी काम आ जाएंगे। लेकिन **अब बंकर की जरूरत नहीं है, किसी को गोली चलाने की हिम्मत नहीं है। यदि सीमा पार से गोली चलाने की जुर्रत की गई तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में आज तिरंगा शान से फहरा रहा है। ये (विपक्ष) कहते हैं कि शेख अब्दुल्ला वाला ध्वज वापिस लाएंगे, क्या उसे वापस लाना चाहिए? मैं कहता हूं कि **जितना जोर लगाना हो लगा लो, अब जम्मू एवं कश्मीर में सिर्फ और सिर्फ तिरंगा ही फहरेगा**। ये लोग कहते हैं कि पाकिस्तान से वार्ता करो। **फारूक अब्दुल्ला, राहुल बाबा को जान लें कि हम पाकिस्तान से वार्ता नहीं करेंगे। जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होता है, तब तक हम पाकस्तान से वार्ता नहीं करेंगे।** अगर किसी से बात करनी है तो नौशेरा के शेरों से बात करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **एनसी, पीडीपी और कांग्रेस एलओसी से ट्रेड शुरू करना चाहती है। पत्थरबाज और आतंकवादी जेलों में है और ये लोग फिर से आतंकवादियों को जेलों से मुक्त कराना चाहते हैं।** ये लोग कहते हैं कि पीर पंजाल, रजौरी, पूंछ, डोडा और जम्मू में आतंकवाद फैल जाएगा। भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आतंकवादियों को पाताल में इतना नीचे दफाना देगी कि आतंकवादी दोबारा सिर भी उठा नहीं सकेंगे। किसी आतंकवादी और पत्थरबाज को जेल से मुक्त नहीं किया जाएगा। भले ही, फारूक साहेब की आतंकवादियों के प्रति जो भी इच्छा हो।**

श्री शाह ने कहा कि **फारूक अब्दुल्ला शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत को कोह-ए-मारन का नाम देना चाहते हैं। फारूक अब्दुल्ला की इतनी ताकत नहीं है कि शंकराचार्य पर्वत और हरि पर्वत का नाम बदल सके।** भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि ये पर्वत युगों-युगों तक शंकराचार्य पर्वत और हरि पर्वत के नाम से ही जाना जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के मतदान का प्रथम चरण पूरा हो गया है। उससे **विधानसभा चुनाव का परिणाम स्पष्ट हो गया कि जम्मू एवं कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सरकार नहीं बन रही है और कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का सूपड़ा साफ हो रहा है।** 25 तारीख को यहां की

जनता को तय करना है कि एक सफल नेता को विधायक बनाना है या बार-बार दल बदलने वाले विपक्ष के प्रत्याशी को लाना है। यहां के जनता को तय करना है कि ऐसे प्रत्याशी को लाना है जो दिल्ली सीधा फोन करके तकलीफों को बता पाए या ऐसे प्रत्याशी को लाना है, जो कटे पतंग की तरह हवा में घूमता रहे, जिसका आधार ही नहीं हो। श्री शाह ने नौशेरावासियों से अपील की कि भाजपा के प्रत्याशी श्री रविंद्र रैना को विजय बनाएं, जो रात को तीन बजे भी हमें फोन कर नौशेरा की तकलीफ बता सकता है। भाजपा का वादा है कि **श्री रविंद्र रैना को विजयी बना दो, नौशेरा को विकसित हम बनाएंगे।** नौशेरा में डिस्ट्रिक्ट कलेक्टरेट की मांग है। श्री रविंद्र रैना को 20 हजार से अधिक मार्जिन से जिता दो, **नौशेरा में कलेक्टरेट आफिस लाने की मांग को पूरा कर देंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **गांधी परिवार और अब्दुल्ला परिवार आरक्षण को समाप्त करने और आतंकवाद को वापिस लाने निकले हैं। ये मोहब्बत की दुकान से आतंकवाद की बात करते है।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के काउंटिंग के बाद आतंकवाद तो नहीं ला पाओगे, क्योंकि जम्मू एवं कश्मीर की जनता आपकी तथाकथित मोहब्बत की दुकान को बंद कर देगी। श्री शाह ने फारूक अब्दुल्ला से सवाल पूछे कि **30 सालों तक जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवाद चला, 30 सालों में 3 हजार दिन यहाँ कर्फ्यू रहा। इस दौरान 40 हजार लोग मारे गए थे। फारूक अब्दुल्ला उस दौरान कहां थे?** जब यहाँ 3 हजार दिन कर्फ्यू लगा रहा, तब फारूक अब्दुल्ला कहां थे? वे इस बात का हिसाब नहीं देते हैं। सच्चाई यह है कि जम्मू-कश्मीर **में जब 3 हजार दिन कर्फ्यू लगा और बंदी का सामना कर रहा था, तब फारूक अब्दुल्ला लंदन में आराम से छुट्टियां मना रहे थे और उस वक्त जम्मू एवं कश्मीर जल रहा था।** क्या ऐसे लोगों को नेतृत्व देना चाहिए क्या?

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते कहा कि भारतय जनता पार्टी के पास जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य का एजेंडा है। पिछले दस सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने इसे करके दिखाया है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद जम्मू एवं कश्मीर के लोगों को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा वाला आयुष्मान भारत कार्ड दिया। लेकिन, फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों को ऐसी सुविधा उपलब्ध करायी थी क्या?** क्या फारूक अब्दुल्ला ने गरीबों को मुफ्त पांच किलो अनाज दिया ? आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर गरीब को मुफ्त पांच किलो अनाज दिया। मोदी सरकार किसानों को हरेक साल छह हजार रुपए देती है, आप श्री रविन्द्र रैना को जिता दो, तो यहाँ भाजपा की सरकार बनने पर छह हजार की जगह दस हजार रुपये सालाना मिलेगा।

श्री शाह ने कहा कि जम्मू में 25,200 करोड़ रुपए की लागत से हाइडो प्रोजेक्ट लगाए गए। साथ ही, जम्मू में एम्स, आईआईएम, निफ्ट, आईआईटी, यूनानी अस्पताल, 8 नए महाविद्यालय और 24 नए महाविद्यालय बनाए गए हैं। जम्मू में दुनिया का सबसे उंचा रेलवे ब्रिज चिनाब नदी पर बना है। सबसे लंबी ट्रांसपोर्टेशन टनल पीर-पंजाल में है। ग्राम सड़क के मामले में जम्मू एवं कश्मीर देश में तीसरे स्थान पर है। हाल ही में, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने निर्णय लिया है कि 50 की आबादी वाले गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा इसी क्षेत्र को होने वाला है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर हमला करते हुए कहा कि ये कहते हैं कि हमने आतंकवाद से लड़ाई लड़ी। फारूक अब्दुल्ला साहेब चिंता नहीं करें, **भारतीय जनता पार्टी जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद आतंकवाद पर श्वेत पत्र लाएगी। वो श्वेत पत्र फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के परिवार का चेहरा बेनकाब करेगा कि घाटी में आतंकवाद को कौन लेकर आया? किसके शह पर घाटी में आतंकवाद आया? उस वक्त केंद्र में और यहाँ किसकी सरकार थी? किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खायी है? श्वेत पत्र उन सबका कच्चा चिठ्ठा खोला देगी।**

श्री शाह ने कहा कि हाल ही में, **केंद्र की पूर्व कांग्रेस सरकार के तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि गृह मंत्री रहते हुए उनको श्रीनगर के लाल चौक पर जाने में डर लगता था।** आज मैं भी केंद्रीय गृहमंत्री हूं और शिंदे साहेब से कहना चाहता हूं कि डरे नहीं, अपने पोता-पोती के साथ बगैर सुरक्षाकर्मियों के एक सामान्य गाड़ी से लाल चौक चले जाइए, आप लोगों का बाल भी बांका नहीं होगा। क्योंकि यहां आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की

सरकार है। **30 साल के बाद घाटी में सिनेमा थिएटर चालू हुए। 35 साल बाद ताजिया का जुलूस निकला है। 35 साल बाद कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी मनायी गई। पिछले वर्ष 2023 में दो करोड़ पर्यटक जम्मू एवं कश्मीर घूमने आए।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जम्मू में पहाड़, हरियाली, प्राकृतिक खूबसरती भी है और बर्फ भी गिरती है तो जम्मू में पर्यटक स्थल विकसित क्यों नहीं किये गए? भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि जम्मू की वादियों और पहाड़ियों मे दो पर्यटक शहर विकसित करेंगे।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यहां पर नेशनल हाईवे 144 ए बनवाया। लम्बेरी में मदर एडं चाइल्ड केयर हॉस्पीटलन बनाया। नौशेरा मंडल अस्पताल में अतिरिक्त सौ बिस्तर लगाए गए। श्री रविंद्र रैना ने यहां सरकारी डिग्री कॉलेज, युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और बंकर बनवाए। यहां कृषि प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। पहाड़ी समाज को सम्मान दिया और गुजरों के अधिकार को सुरक्षित किया। **भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू एवं कश्मीर में 40 हजार नौकरियां दी है।**

श्री शाह ने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि **जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनने पर हर घर की सबसे बड़ी महिला को सालाना 18 हजार रुपए दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को साल में दो बार दो सिलिंडर मुफ्त दिया जाएगा।** और गैस सिलिंडर का मूल्य 500 रुपए तक सीमित कर दिया जाएगा। किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को को छह हजार रुपए मिल रहा है और जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनने पर उसे 4 हजार रुपए और जोड़कर किसानों को दस हजार रुपए दिया जाएगा। कृषि बिजली बिल में 50 प्रतिशत की कटौती करेंगे। जम्मू में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाएंगे। जम्मू में मेट्रो परिचालन शुरू करेंगे। हर साल तोड़े हुए सौ मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। रणजीत सागर डैम में वाटर स्पोर्टस शुरू कराएंगे। कश्मीर विस्थापितों के पुनर्वसन के लिए नए योजना लाएंगे। **पंडित प्रेमनाथ डोगर रोजगार योजना के तहत 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। प्रगति शिक्षा के तहत कॉलेज के विद्यार्थियों को तीन हजार रुपए देंगे। हायर सेंकडरी के विद्यार्थियों को लैपटॉप और टैबलेट देंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद डोडा में पर्यटन केंद्र बनवाएंगे। जम्मू मे आईटी हब और उद्यमपुर में फार्मास्युटिकल हब बनाएंगे। इस पूरे क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्रीय विकास बोर्ड बनवाएंगे। इस क्षेत्र के विकास, जम्मू एवं कश्मीर की सुरक्षा, आतंकवाद को मुहंतोड़ जवाब देने और पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चाहिए। श्री रविंद्र रैना भाजपा के प्रमुख नेता हैं। श्री शाह  ने नौशेरा की जनता से अपील की कि श्री रविंद्र रैना को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में कमल फूल की सरकार बनाएं तथा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृतव की सरकार को मजबूती दें।

***************************